दिन–शुक्रवार दिनांक– 09 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेलवे संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस लोकसभा में पेश किया। विधेयक में भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, उन्नीस सौ पांच के प्रस्तावों को रेलवे अधिनियम, उन्नीसा सौ नवासी में शामिल करके कानूनी ढांचे को सरल बनाने का प्रस्ताव है। विधेयक पेश करते हुए श्री वैष्णन ने कहा कि इस विधेयक से रेलवे बोर्ड की शक्ति और रेलवे की दक्षता में सुधार होगा।

————————————————————————————

भाजपा के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों ने आज संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इन सांसदों ने संयुक्त रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर व्यवस्था पर सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद भोला सिंह ने कहा कि उनकी मांग है कि इस फैसले को लागू नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि यह सिर्फ शीर्ष न्यायालय का एक सुझाव है।

————————————————————————————

देशभक्ति की भावना को बढावा देने के लिए देश में हर घर तिरंगा अभियान आज से पंद्रह अगस्त तक चलाया जायेगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और तेरह अगस्त को संसद सदस्य और मंत्री तिरंगा बाइक रैली निकालेंगे। हर घर तिरंगा अभियान वर्ष दो हजार बाईस में शुरू किया गया था।

————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में हो रही वर्षा के कारण नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान जेपी गंगा पथ के कंगनघाट, काली घाट, गांधी घाट

और कृष्णा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को गंगा के किनारे वाले क्षेत्रों में बाढ़ रहे जलस्तर के मद्देनजर सतर्क करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि आयुष क्षेत्र में मानकीकरण के लिए एक विभाग स्थापित किया जायेगा। इस विभाग में जानेमाने विशेषज्ञों के नेतृत्व में, आयुष विभाग के सात अनुभागीय समितियों को शामिल किया जायेगा। श्री कुमार ने कहा है कि यह विभाग आयुष उत्पादों और पद्धतियों की सुरक्षा, प्रभावकारिता और गुणवत्ता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मानकीकरण की इस प्रक्रिया में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा–रिग्पा और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा प्रणालियों को शामिल किया जाएगा। आयुष के लिए मानकीकरण गतिविधि की प्रक्रिया और संरचना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ये समितियां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों के अनुरूप व्यापक, साक्ष्य–आधारित मानकों को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी मठों, मंदिरों और ट्रस्ट का राज्य धार्मिक बोर्ड के अधीन निबंधन अनिवार्य कर दिया है। विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इन धार्मिक संस्थाओं की अचल संपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होगी। विधि मंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निबंधन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा के नगरनौसा में सबसे अधिक छियानवे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, नालंदा के चंडी में तेरासी दशमलव दो, किशनगंज के गलगलिया में अस्सी दशमलव चार और पटना के दानापुर में बहत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून सक्रिय रहेगा। साथ ही अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य अधिकतर भागों में हल्की से मध्यम बारिश और एक से दो स्थानों पर भारी की सम्भावना है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।